<u>*इंडियन बैंक में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह*</u>

चेन्नई, 26 जनवरी 2025: आज इंडियन बैंक द्वारा चेन्नई स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय और प्रधान कार्यालय में देश का 76वां गणतंत्र दिवस समारोह अत्यंत धूमधाम के साथ मनाया गया। इंडियन बैंक के एमडी एवं सीईओ श्री बिनोद कुमार द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर बैंक के सुरक्षा प्रहरियों द्वारा शानदार गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

गणतंत्र दिवस के अपने संबोधन में, श्री कुमार ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में हमारे देश के वीर शहीदों के योगदान और बलिदान को याद किया तथा बैंक के संस्थापकों के जोरदार और अनथक प्रयासों को नमन किया।

बैंक के सीएसआर पहल के एक हिस्से के रूप में, बैंक द्वारा राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल, चेन्नई को एक एम्बुलेंस प्रदान किया गया। श्री कुमार द्वारा इस एंबुलेंस की चाबी अस्पताल के अधिकारियों को सौंपी गई। इस समारोह में कार्यपालक निदेशक श्री महेश कुमार बजाज, श्री आशुतोष चौधरी, श्री शिव बजरंग सिंह, श्री ब्रजेश कुमार सिंह और मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री वी के श्रीवास्तव के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा सहभागिता की गई।